A

709

समग्र शिक्षा केरल
Samagra Shiksha Kerala

# समग्र शिक्षा केरल

## योगात्मक आकलन II 2025-26

## हिंदी

कक्षा 7

समय 2:15 घंटे

सामान्य निर्देश:

- ❖ पहले पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ❖ कुल 6 प्रश्न हैं। सभी के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।
- ❖ प्रश्न 4 और 5 में विकल्प हैं।

**(1) सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बचपन से ही मैं और मेरे भाई-बहन अपनी पॉकेट मनी किताबों में लगा दिया करते थे। किताबों पर हमारा लगाव अपनी अम्मी से मिला था। अम्मी-अब्बू ने हमें तोहफ़े में घर पर एक लाइब्रेरी बनाकर दी थी। इस लाइब्रेरी में तरह-तरह की किताबें थीं। यह घर की सबसे प्यारी जगह थी।

लगाव- ഇഷ്ടം

क) बच्चों को किसपर लगाव था?

अ) पॉकेट मनी पर
आ) किताबों पर
इ) तोहफ़े पर
ई) लाइब्रेरी पर

ख) अम्मी और अब्बू का तोहफ़ा क्या था?

अ) स्कूल पर लाइब्रेरी बनाकर देना
आ) स्कूल लाइब्रेरी के लिए पॉकेट मनी देना
इ) घर पर लाइब्रेरी बनाकर देना
ई) घर लाइब्रेरी के लिए पॉकेट मनी देना

ग) लाइब्रेरी घर की सबसे प्यारी जगह बन गई। क्यों ?

अ) रंगीन होने के कारण
आ) तरह-तरह की किताबें होने के कारण
इ) साफ़ सुथरी होने के कारण
ई) तोहफ़ों से भरी होने के कारण

घ) किताबों के महत्व पर दो वाक्य लिखें। जैसे- **किताबें हमारी अच्छी दोस्त हैं।**

(2) सूचना : 'यह धरती है उस किसान की' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यह धरती है उस किसान की,
जो मिट्टी का पूर्ण पारखी,
जो मिट्टी के संग साथ ही
तपकर,
गलकर,
मरकर,
खपा रहा है जीवन अपना,
देख रहा है मिट्टी में सोने का सपना।

क) कवितांश में 'स्वप्न' के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

ख ) कवितांश से यह आशय वाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

अ) किसान मिट्टी का पूर्ण पारखी है और यह धरती उसकी है।

आ) मिट्टी में सोने का सपना देखकर किसान जीवन बिता रहा है।

(3) सूचना : ' तुम जियो हज़ारों साल
साल के दिन हों पचास हज़ार' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

निम्मी ने एकदम उनका रास्ता रोका और बोली, " नाना कोई और शेर की बात बताओ न....
अच्छा गालिब की ही बात बता दो, मेरा मतलब ग़ालिब की। "

क) निम्मी किसके बारे में सुनना चाहती है?

अ) अपने बारे में आ) नाना के बारे में
इ) ग़ालिब के बारे में ई) अंकिल के बारे में

ख) आपके स्कूल में उर्दू शायर ग़ालिब का जन्मदिन 27 दिसंबर को मनाने जा रहा है। इस अवसर पर उनके शेर पर ' ग़ज़ल संध्या ' कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम के लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

(4 A) सूचना :'बारिश के बाद ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गुड्डू चाँदनी तले खड़ा था। गुठली चाँदनी के तले जाकर गोकुल गाय को ढूँढ़ने लगी। तभी गुड्डू ने चाँदनी के पेड़ को ज़ोर से हिला दिया। पेड़ की पत्तियों और फूलों पर ठहरा हुआ सारा पानी गुठली के ऊपर गिर गया। वह तरबतर हो गई। गुड्डू भागता जा रहा था और हँसता जा रहा था।

क) प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें।

प्रस्ताव-

अ) सारा पानी गुठली के ऊपर गिर गया।

आ) सारा पानी गुड्डू के ऊपर गिर गया।

इ) गुड्डू हँसते हुए भागा।

ई) गुठली हँसते हुए भागी।

विकल्प-

i) **अ** और **आ** सही हैं।

ii) **अ** और **इ** सही हैं।

iii) **आ** और **इ** सही हैं।

iv) **आ** और **ई** सही हैं।

ख) हँसी मज़ाक में दिन बीत गया। गुड्डू यादों में खो गया और अपने अनुभव को लेकर डायरी लिखने लगा। गुड्डू की वह **डायरी** लिखें।

**अथवा**

**(4 B) सूचना : 'जन्नत के बच्चे' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> जूते गुम हो जाने की बात सुनकर वह उदास हो जाती है। पर यह सोचकर कि घर में तो नए जूतों के लिए पैसे तो हैं नहीं और जूते गुमने की बात जानकर अली को सज़ा मिल सकती है, वह अपने अम्मी-अब्बू को कुछ नहीं बताती।

क) प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें।

प्रस्ताव-

अ) जूते गुम हो जाने की बात सुनकर ज़ाहरा उदास हो जाती है।

आ) घर में नए जूते के लिए पैसे हैं।

इ) जूते गुमने की बात जानकर अली को सज़ा मिल सकती है।

ई) ज़ाहरा अपने अम्मी-अब्बू को सब कुछ बताती है।

विकल्प-

i) **अ** और **आ** सही हैं।

ii) **अ** और **इ** सही हैं।

iii) **आ** और **इ** सही हैं।

iv) **आ** और **ई** सही हैं।

ख ) जूते गुमने की बात सोचकर अली बहुत उदास हो जाता है। अपने अनुभव को वह डायरी में लिखता है। अली की वह **डायरी** लिखें।

**(5 A) सूचना : ' बया हमारी चिड़िया रानी' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बया हमारी चिड़िया रानी !
> तिनके लाकर महल बनाती,
> ऊँची डालों पर लटकाती,
> खेतों से फिर दाना लाती
> नदियों से भर लाती पानी।

क) 'पक्षी' के लिए कवितांश में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

ख) कवितांश के आधार पर 'बच्चा और बया' के बीच की **बातचीत** तैयार करें।

बच्चा : चिड़िया रानी, तू क्या लाकर घोंसला बनाती है?

बया : तिनके लाकर ।

बच्चा : ..........................

बया : ..........................

बच्चा : ..........................

बया : ..........................

**अथवा**

**(5 B) सूचना: 'बारिश के बाद' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गुठली अभी कीड़े को जाते हुए देख ही रही थी कि गुड्डू ने आवाज़ दी, "देख गुठली, गोकुल गैया !" कितनी सुंदर, मखमली, लाल रंग की कीड़ी होती है गोकुल गाय । बारिश के अलावा और किसी मौसम में दिखती ही नहीं है । गुठली और गुड्डू गोकुल गायों को एक माचिस की डिब्बी में इकट्ठा करके स्कूल में दोस्तों को दिखाते थे ।

क) खंड के आधार पर **सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

अ) गोकुल गैया गर्मी के मौसम में दिखती है। आ) गोकुल गैया बारिश के मौसम में दिखती है ।

इ) गोकुल गैया सर्दी के मौसम में दिखती है। ई) गोकुल गैया हर मौसम में दिखती है ।

ख) गुड्डू और गुठली गोकुल गैया के बारे में बातें करते हैं। उनके बीच की बातचीत लिखें।

गुड्डू : देख गुठली, गोकुल गैया !

गुठली : ................................

गुड्डू : ................................

गुठली : ................................

गुड्डू : ................................

**(6) सूचना : चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**




क) चित्र के लिए शीर्षक दें।

ख) चित्र का विवरण तैयार करें। (कम से कम चार वाक्य हों।)